भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 25

(जिसका उत्तर सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक) को दिया गया)

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) की स्थापना के लाभ

25. श्री बृजमोहन अग्रवालः

श्री शंकर लालवानीः

श्री पी.पी. चौधरीः

डॉ. संजय जायसवालः

श्रीमती कमलजीत सहरावतः

डॉ. आलोक कुमार सुमनः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दिवाला समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाने और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलटी) में न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) की स्थापना के क्या लाभ हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) और (ख): जी, हां। कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए, सरकार ने स्थापना के बाद से दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 में छह संशोधन किए हैं। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, विभिन्न नियमों और मॉडल उपनियमों में 12 संशोधन किए गए, जिससे नियामक ढांचे में लगभग 86 परिवर्तन हुए।

(ग): जी, हां। एनसीएलटी और एनसीएलएटी के सदस्यों की रिक्तियों को भरना कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक गतिशील, एकीकृत, सतत और सहयोगात्मक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप, वर्ष 2021, 2022 और 2023 के दौरान क्रमशः एनसीएलटी में बीस (20), चौदह (14) और बीस (20) सदस्य नियुक्त किए गए। वर्ष 2021, 2022, 2023 और 2024 के दौरान एनसीएलएटी में क्रमशः एक (01) अध्यक्ष, पांच (05), तीन (03) और चार (04) सदस्यों की नियुक्ति की गई थी।

(घ): राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) कारपोरेट विवादों के तेजी से समाधान करने और देश में ईज ऑफ डुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने में सहायक रहे हैं। ये निकाय कारपोरेट व्यवसायों के दिवाला को न केवल तेज प्रक्रिया के मामले में, बल्कि बेहतर वसूली दर में भी, पहले के शासनों की तुलना में, हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

*****